जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2017/358 दिनांक : 11.04.2017

// अधिसूचना //

सर्व सम्बंधित के सचूनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेशित ऐसे छात्र जिन्होंने सत्र 2012–13 एवं 2013–14 में प्रवेश लिया है, जो कि द्वितीय/चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर एवं सत्र 2013–14 एवं 2014–15 में प्रवेशित छात्र स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2017 की परीक्षा में ए.टी.के.टी. एवं भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है तो वह विश्वविद्यालय द्वारा नियमित/ए.टी.के.टी. एवं भूतपूर्व के नाम जारी अधिसूचना के आधार पर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं। सत्र 2012–13/2013–14/2014–15 में प्रवेशित छात्रों के लिए पुराना पाठ्यक्रम (Old Course) के नाम से किसी भी प्रकार की कोई परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं कराई जावेगी। ऐसे समस्त छात्रों को वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम में ही सम्मिलित होना आवश्यक है।

साथ ही यहॉं यह भी स्पष्ट है कि जिन छात्रों द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम में पॉंच वर्ष एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में तीन वर्ष पूर्ण कर लिये गये है, ऐसे छात्रों का परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय द्वारा किसी भी स्थिति में अग्रषित न किया जाये। यदि पॉंच वर्ष एवं तीन वर्ष पूर्ण किये हुये छात्रों का परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित कर विश्वविद्यालय में प्रेषित किया जाता है तो परीक्षा परिणाम किसी भी स्थिति में घोषित नहीं किया जावेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। एवं विश्वविद्यालय कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा।

ए.टी.के.टी. एवं भूतपूर्व के ऐसे छात्र जिनके परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय की साईट पर उपलब्ध नहीं हैं ऐसे छात्रों के लिए महाविद्यालय की जी2जी आईडी पर लिंक (Result Insert) प्रदान की जा रही है। जिससे छात्रों के पूर्व के सेमेस्टर का विवरण भरने के पश्चात् आवेदन पत्र भराये जा सकते हैं।

कृपया परीक्षा कार्य में सहायोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, सतपूड़ा भवन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, मोती महल ग्वालियर
1. संपादक महोदय, दैनिक.................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्रों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)